**M.A. (PART- II)**
**HINDI**
**Modern Poetry**
**(Paper – II) April 2016**

Q.P. Code : **21858**

(३ घंटे) कुल अंक : १००

सूचना : (१) पहला एवं आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है।
(२) शेष प्रश्नों में हो किन्हीं चार के उत्तर लिखिए।

१. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्ही चार की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए! ४०

(क) ''मरकत की वेदी पर ज्यों
रक्खा हीरे का पानी,
छोटा सा मुकुर प्रकृति का
या सोयी राका रानी।''

(ख) ''देखा मुझे उस दृष्टि से
जो मार खा रोयी नहीं।
सजा सहज सितार
सुनी मैंने वह नहीं
जो थी सुनी झंकार।।

(ग) ''भई खूब, भई खूब
जानता क्या वह भी कि
सैनिक प्रशासन है नगर में वाकई
क्या उसकी बुध्दि भी जग गई।''

(घ) ''कितनी दूरियों से कितनी बार
कितनी डगमग नावों में बैठकर
मैं तुम्हारी ओर आया हूं
ओ मेरी छोटी-सी ज्योति।''

(च) ''प्यार पाण्डवों पर मन से,
कौरव की सेवा तन से,
सध पायेगा कौन काम
इस बिखरी हुई लगन से?''

(छ) ''वह घड़ी उन आँखों की तरह थी
जिनका प्रकाश अस्त हो चुका है
फिर भी जो खुली रहती हैं एकटक
और उनके सामने झूठ बोलने डर लगता है।''

TURN OVER

२. 'कामायनी की रचना समरसतावादी दर्शन की प्रतिष्ठा के लिए हुई है'–इस कथन की सत्यता पर प्रकाश डालिए। १०

३. सरोज़–स्मृति में निराला के संघर्ष पूर्ण जीवन का अत्यंत मार्मिक चित्रण हुआ है – स्पष्ट कीजिए। १०

४. मुक्तिबोध जटिल संवेदना के कवि हैं – पठित कविताओं के आधार पर सोदाहरण समझाइए। १०

५. ओ नि: संग ममेतर कविता का मूल आशय स्पष्ट कीजिए। १०

६. कुरूक्षेत्र की मूल समस्या पर सविस्तार उत्तर लिखिए। १०

७. 'कविता शुरू से अंत तक एक नये इलाके की खोज है'– इस कथन के आलोक में पठित कविताओं का विश्लेषण कीजिए। १०

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में उत्तर लिखिए : १०
(ट) कामायनी में कुल कितने सर्ग हैं?
(ठ) कामायनी में वृषभ किसका प्रतीक हैं?
(ड) राम ने शक्तिपूजा के लिए कितने कमल मँगवाये थे?
(ढ) निराला ने किस समाचार–पत्र का संपादन किया था?
(त) 'अभिव्यक्ति के खतरे उठाने होंगे'– किसका कथन है?
(थ) मुक्तिबोध ने किस शिल्प का प्रयोग किया?
(द) अज्ञेय को ज्ञानपीठ पुरस्कार कब मिला था?
(ध) दिनकर के अनुसार किस भुजंग को क्षमा शोभा देती है?
(न) कुरुक्षेत्र का काव्यरूप क्या है?

(ब) सही विकल्प चुनकरल निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:– १०
(प) प्रसाद के अनुसार हिमगिरि के उत्तुंग शिखर पर कौन बैठा है?
(अ) एक पुरूष (ख) एक नारी
(ग) एक देवता (घ) एक दानव

(फ) मनु को आनंद का प्राप्ति किस पर्वत पर होती है?
(अ) शिवालिक (ख) द्रोण
(ग) कैलाश (घ) विन्ध्य

TURN OVER

(ब) निराला के अनुसार कुकुरमुत्ता किस वर्ग का प्रतिनिधि है?
(अ) पूँजीपति (ख) मध्यवर्ग
(ग) शोषक वर्ग (घ) सर्वहारा वर्ग

(भ) निराला की लंबी कविता कौन-सी है?
(अ) सरोज-स्मृति (ख) राम की शक्ति पूजा
(ग) कुकुरमुत्ता (घ) उपर्युक्त सभी

(म) मुक्तिबोध की कविताएं किस विचारधारा से अनुप्राणित हैं?
(अ) मार्क्सवाद (ख) गांधीवाद
(ग) प्रयोगवाद (घ) अद्वैतवाद

(य) कवि के अनुसार अंधकार में जागने वाले क्या होते हैं?
(अ) चिंतक (ख) अकेले
(ग) भावुक (घ) उद्विग्न

(र) अज्ञेय किस काव्यधारा के प्रवर्तक माने जाते हैं?
(अ) प्रयोगवाद (ख) प्रगतिवाद
(ग) छायावाद (घ) नकेनवाद

(ल) भीष्म के अनुसार न्यायोचित अधिकार माँगने पर न मिले तो क्या करना चाहिए?
(अ) युध्द (ख) शांति
(ग) समर्पण (घ) ईश्वर भक्ति

(ब) कुरूक्षेत्र में भीष्म किसका प्रबोधन करते हैं?
(अ) अर्जुन (ख) युधिष्ठिर
(ग) श्रीकृष्ण (घ) भीम

(श) अरूण कमल के अनुसार बाजार में क्या था?
(अ) शोरगुल (ख) भीड़
(ग) सन्नाटा (घ) एकांत

---

**M.A. (PART- II)**
**HINDI**
**Linguistics & Hindi Language**
**(Paper – IV) April 2016**

QP Code : **21192**

( ३ घंटे ) कुल अंक : १००

सूचना : (१) अंतिम प्रश्न अनिवार्य है।
(२) शेष प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

१. भाषा की परिभाषा देते हुए उसके भाषिक प्रकार्यों पर प्रकाश डालिए। १६
२. शब्द और रुप के अर्थ को स्पष्ट करते हुए रुप परिवर्तन की दिशाओं को स्पष्ट कीजिए। १६
३. मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं की विशेषताएँ लिखिए। १६
४. अर्थ परिवर्तन के कारणों को विशद कीजिए। १६
५. व्यंजनों के वर्गीकरण को प्रस्तुत कीजिए। १६
६. वाक्य की परिभाषा के साथ वाक्य के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए। १६
७. देवनागरी लिपि के विशेषताओं को सोदाहरण समझाइए। १६

८. (अ) निम्निलिखित विषयों पर **पाँच से दस** वाक्य में टिप्पणी लिखिए। १०
(क) भाषा व्यवस्था
(ख) पदक्रम की विशेषताएँ
(ग) समास
(घ) स्वनिम के भेद
(च) विशेषण

(ब) उचित पर्याय का चयन पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। १०
१) आस्टिन ने 'टेक्स्ट' को क्या कहा है?
(१) भाषिक क्रिया (२) भाषिक घटना
(३) डिस्कोर्स (४) कुछ नहीं

२) रुप परिवर्तन का कारण है?
(१) ध्वनि परिवर्तन (२) शब्द परिवर्तन
(३) अर्थसंकोच (४) अर्थापकर्ष

३) अर्थबोधन का प्रमुख साधन है?
(१) पाठ (२) वाक्य
(३) व्यवहार (४) परंपरा

[TURN OVER

४) संधि स्वर कौन-सा है?

(१) ऐ (२) आ

(३) ई (४) ऊ

५) पूर्वी हिन्दी से विकसित भाषा है?

(१) मेवाती (२) मालवी

(३) मैथिली (४) अवधी

६) प्राचीन भारतीय आर्य भाषा का काल है?

(१) ५०० इ.पू से १००० तक

(२) इ.पू. २००० से ५०० ई.पू. तक

(३) १००० इ. से अब तक

(४) ५०० ई.पू. से १ ई. तक

७) भारत की प्राचीन लिपि कौन-सी है?

(१) ब्रम्हामी (२) देवनागरी

(३) रोमन (४) चीनी लिपि

८) 'ध्वनि नियम' को किस दूसरे नाम से भी जाना जाता है?

(१) तुलनात्मक नियम (२) ऐतिहासिक नियम

(३) ग्रिम नियम (४) सस्यूर नियम

९) साहित्यशास्त्र से संबंधित किस ग्रंथ में शब्द और अर्थ संबंधी विवेचन है?

(१) ध्वन्यालोक (२) काव्यालंकार

(३) रस मीमांसा (४) कोई नहीं

१०) ऋग्वेद में भाषा को क्या कहा गया है?

(१) विश्वनिबंधीनी (२) संसार ज्योति

(३) राष्ट्र निर्मात्री (४) समाज-समीपस्थ

-------------

**M.A. (PART- II)**

**HINDI**

**Poetic Literature of Literary Criticism**

**(Paper – VI)** **April 2016**

Q.P. Code : **21501**

(हिन्दी अनुवाद)

(३ घंटे) (कुल अंक : १००

सूचना : (१) आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है।
(२) शेष प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

१. रस का स्वरूप-विश्लेषण करते हुए साधारणीकरण के महत्त्व का प्रतिपादन कीजिए। १६

२. वक्रोक्ति सिद्धांत का आशय स्पष्ट करते हुए उसके एवं अभिव्यंजनावाद के अंतर पर प्रकाश डालिए। १६

३. डॉ. रामविलास शर्मा के समीक्षा-सिद्धांत का विश्लेषण किजिए। १६

४. लोंजाइनस के उदात्त-सिद्धांत का विवेचन कीजिए। १६

५. रिचर्ड्स द्वारा प्रतिपादित व्यावहारिक आलोचना और संप्रेषण सिद्धांत की मीमांसा कीजिए। १६

६. अभिजात्यवाद के प्रमुख वैशिष्ट्य का निरूपण कीजिए। १६

७. संरचनावाद की आधारभूत मान्यताओं का परिचय दीजिए। १६

८. (अ) निम्नलिखित विषयों पर **पाँच** से **दस** वाक्य में उत्तर लिखिए। १०

(क) काव्य गुण (ख) ध्वनिकाव्य के भेद
(ग) रामचंद्र शुक्ल (घ) प्लेटो का काव्य सत्य
(च) मनोविश्लेषणवाद

८. (ब) सही विकल्प चुनकर निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- १०

(क) 'रीतिरात्मा काव्यस्य' - किसका कथन है?
(क) मम्मट (ख) कुंतक
(ग) अभिनव गुप्त (घ) विश्वनाथ

(ख) 'साहित्य-दर्पण' - किसकी रचना है?
(क) भरतमुनि (ख) वामन
(ग) विश्वनाथ (घ) आनंदवर्धन

[TURN OVER

(ग) इनमें से कौन रस-सूत्र का व्याख्याकार नही है?

(क) भट्ट नायक (ख) शंकुक

(ग) भट्ट लोल्लट (घ) भामह

(घ) इनमें से कौन-सी रचना आचार्य रामचंद्र शुक्ल की नहीं है?

(क) रस-मीमांसा (ख) साहित्य-सहचर

(ग) विश्व-प्रपंच (घ) चिंतामणि

(च) 'मनुष्य ही साहित्य का चरम लक्ष्य है' - किसका कथन है?

(क) रामचंद्र शुक्ल (ख) नंददुलारे वाजपेयी

(ग) हजारी प्रसाद द्विवेदी (घ) रामविलास शर्मा

(छ) किस सिद्धांत का संबंध अरस्तू से नहीं है?

(क) अनुकरण (ख) त्रासदी

(ग) विरेचन (घ) संप्रेषण

(ज) 'आलोचना मेरी काव्य रूपी कर्मशाला का उपजात है'- किसका कथन है?

(क) इलियट (ख) रिचर्ड्स

(ग) क्रोचे (घ) मैथ्यू आर्नल्ड

(झ) कौन स्वच्छंदतावादी कवि नहीं है?

(क) शेली (ख) कीट्स

(ग) बायरन (घ) वर्जिल

(त) मार्क्सवाद के संबंध में क्या सही नहीं है?

(क) ऐतिहासिक विकासवाद (ख) द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद

(ग) क्रान्ति का सिद्धांत (घ) रहस्यवाद

(थ) उत्तर आधुनिकता किसकी मृत्यु की घोषणा करती है?

(क) इतिहास (ख) भूगोल

(ग) आधुनिकता (घ) दर्शन

..............

**M.A. (PART- II)**
**HINDI**
**Mass Communication**
**(Paper – VIII) April 2016**

**QP Code : 21666**

(३ तास) [ एकूण गुण : १००

सूचना : (१) प्रश्न क्र. १ से ७ में से किन्हीं ५ के उत्तर लिखिए।
(२) प्रश्न क्र.८ अनिवार्य है।

१. जनसंचार की प्रक्रिया को रेखांकित कीजिए। १६

२. सामाजिक विकास में जनसंचार की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। १६

३. जनसंचार का विकासक्रम विस्तार से लिखिए। १६

४. श्रव्य तथा दृश्य -श्रव्य माध्यम की भाषा पर प्रकाश डालिए। १६

५. जनसंचार माध्यमों में विज्ञापन की भूमिका पर प्रकाश डालिए। १६

६. साहित्यिक विधाओं का दृश्य-श्रव्य रुपांतर कला को रेखांकित कीजिए। १६

७. टेलीड्रामा एवं रिपोर्ताज लेखन के तत्त्वों को स्पष्ट कीजिए। १६

८.(क) निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए : १०

१) इंटरनेट का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

२) दूरदर्शन की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

३) रेडियो-नाटक लेखन के तत्त्व लिखिए।

४) धारावाहिक - लेखन के तत्त्व लिखिए।

५) वर्तमान पत्र की विशेषताएँ लिखिए।

८.(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निचे दिए गए विकल्पों में से लिखिए: १०

१. भारतीय फिल्मों के पितामह का क्या नाम था?

क) दादासाहेब फालके ख) दादासाहेब कोंडके
ग) सत्यजीत रे घ) भिष्म सहानी

२. सर्व प्रथम दूरदर्शन का अविष्कार किसने किया था?

क) विलियम थैकरे ख) थॉमस विलियम
ग) जॉन लागी बेयर्ड घ) वाटसन

[TURN OVER

३. किस माध्यम को 'दृष्टिहीन' माध्यम कहा जाता है?

क) दूरदर्शन ख) आकाशवाणी
ग) वर्तमान पत्र घ) इंटरनेट

४. 'Communication.' को हिंदी में क्या कहते हैं?

क) संचार ख) अभिव्यक्तिं
ग) वार्ता घ) संवाद

५. 'उंदतमार्तंड' समाचार पत्र कौन से शहर से प्रकाशित हुआ था?

क) मुंबई ख) चैन्नई
ग) कलकत्ता घ) नई दिल्ली

६. 'हंस' पत्रिका के प्रथम संपादक थे --

क) प्रेमचंद ख) अज्ञेय
ग) निराला घ) जयशंकर प्रसाद

७. भारत में प्रथम बोलती फिल्म कौनसी है?

क) आलम आरा ख) अछुत कन्या
ग) राजा हरिश्चंद्र घ) किसान कन्या

८. हाथ से लिखी गई पुस्तक को क्या कहते हैं?

क) पाण्डुलिपि ख) लेखन कला
ग) हस्तकला घ) हस्ताक्षर

९. 'बीबीसी' का पूरा नाम क्या है?

क) भारत ब्रॉड कॉस्टींग ख) ब्रिटिश ब्रॉड कॉस्टींग
ग) बृहनमुंबई मुंबई संचार घ) भारत ब्रॅन्ड कॉस्टींग

१०. 'नागिन' धारावाहिक दूरदर्शन के किस चैनल पर प्रसारित होती है?

क) कलर्स ख) झी.टी.वी.
ग) नैशनल घ) सोनी

---------